# 80 लाख मीट्रिक टन से अधिक गेहूं उपार्जन के लिए स्लॉट बुक

## मुख्यमंत्री ने कहा- उपार्जन में लापरवाही करने वालों पर कार्रवाई होगी : मुख्यमंत्री

▸ लगातार बढ़ रहा है आंकड़ा : डॉ. यादव

**भोपाल, 1 मई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में गेहूं उपार्जन का कार्य तेजी से किया जा रहा है. किसानों ने बड़ी संख्या में स्लॉट बुक किए हैं. अब तक 80 लाख मीट्रिक टन से अधिक गेहूं उपार्जन के लिए स्टॉल बुक हो चुके है. यह एक सकारात्मक संदेश है. स्टॉल बुकिंग का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा में यह जानकारी दी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गेहूं उपार्जन प्रक्रिया में व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखने के लिए आकस्मिक निरीक्षण चलता रहेगा और लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई होगी.



### राज्यपाल से मुख्यमंत्री ने की सौजन्य भेंट

भोपाल. राज्यपाल मंगुभाई पटेल से शुक्रवार को लोकभवन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सौजन्य भेंट की. राज्यपाल श्री पटेल का पुष्प-गुच्छ भेंट कर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अभिवादन किया. राज्यपाल को मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य के विकास एवं जनकल्याण संबंधी विभिन्न विषयों पर जानकारी दी. दोनों के बीच अनौपचारिक चर्चा भी हुई. इस अवसर पर मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई, राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी मौजूद थे.

### एकता ही आत्मनिर्भर भारत का आधार : राज्यपाल

**भोपाल.** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि 1 मई, देश के दो अत्यंत समृद्ध-सशक्त राज्य गुजरात और महाराष्ट्र के प्रशासनिक गठन के स्मरण का दिवस है. उनकी विकास की अद्भुत यात्राओं का अभिनंदन पर्व है. उन्होंने कहा कि भारत की भौगोलिक और सांस्कृतिक विविधताएं ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति हैं, जिनके बीच की एकता ही सशक्त, समृद्ध एवं आत्मनिर्भर भारत का आधार है. महाराष्ट्र की औद्योगिक क्षमता और वित्तीय नेतृत्व के साथ गुजरात की उद्यमशीलता, व्यापारिक दक्षता, समुद्री विकास और नवकरणीय ऊर्जा विकसित भारत की मजबूत आधारशिला है. राज्यपाल शुक्रवार को गुजरात और महाराष्ट्र राज्य के स्थापना दिवस के संयुक्त समारोह को संबोधित कर रहे थे. इस अवसर पर उन्होंने दोनों राज्यों के निवासियों को राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी. लोकभवन के सांदीपनि सभागार में 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' संकल्पना के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया था. राज्यपाल ने नागरिकों, विशेषकर युवाओं से आह्वान किया कि वे हमारी विविधता की अतुलनीय ताकत को पहचानें.

### जल स्त्रोतों के गहरीकरण में करें सहयोग

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समाज से जल गंगा संवर्धन अभियान से जुड़ने की अपील की है. उन्होंने कहा है कि जल ही जीवन का आधार है. भारतीय संस्कृति में जल स्त्रोतों की साफ-सफाई और उनके संरक्षण को पुण्य कार्य मानते हुए धार्मिक महत्व प्रदान किया गया है. कुंओं-बावड़ियों-तालाबों-नदियों जैसे जल स्त्रोतों की साफ-सफाई और जल स्त्रोतों के आस-पास पौध-रोपण से जनसामान्य को जोड़ने के लिए 25 मई गंगा दशहरा पर अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाएंगी. मुख्यमंत्री ने सभी से इस अभियान में शामिल होने की अपील की.

## मूर्तियों की बरामदगी होने पर जैन समाज ने डीजीपी का किया सम्मान



विशेष संवाददाता

**भोपाल, 1 मई. पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा का शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय में जैन समाज एवं तीर्थ क्षेत्र समिति के प्रतिनिधिमंडल द्वारा सम्मान किया गया. प्रतिनिधिमंडल ने मंदिर चोरी के मामले में पुलिस की त्वरित और संवेदनशील कार्रवाई की सराहना की.**

प्रतिनिधियों ने स्मृति चिन्ह भेंट कर दतिया पुलिस द्वारा प्रतिष्ठित दिगंबर जैन सिद्ध क्षेत्र सोनागिरि में हुई चोरी का शीघ्र खुलासा करने पर आभार जताया. इस मामले में करीब 25 लाख रुपये मूल्य की चांदी की मूर्तियां और अन्य सामग्री बरामद की गई तथा 20 हजार रुपये के इनामी अंतरराज्यीय मूर्ति चोर सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

डीजीपी मकवाणा ने कहा कि पुलिस जनता की आस्था की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है तथा धार्मिक स्थलों से जुड़े अपराधों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। प्रतिनिधिमंडल ने उनके नेतृत्व की सराहना करते हुए 3 मई को सोनागिर में आयोजित सम्मान समारोह में आमंत्रित किया।



### धूप से गर्म हुआ सीएनजी सिलेंडर, कार में लगी आग

भोपाल. धोबीघाट रोड पर एक कार में कड़कती धूप में सीएनजी सिलेंडर के गर्म होने से आग लग गई. इससे अफरा-तफरी मच गई. हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ.

## सहरिया विकास प्राधिकरण की अध्यक्ष बनीं गुड्डी

**भोपाल.** विशेष पिछड़ी जनजाति सहरिया के उत्थान, सामाजिक भागीदारी व योजनाओं, कार्यक्रमों के अभिसरण के लिये मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय सहरिया विकास प्राधिकरण का अध्यक्ष गुड्डी आदिवासी को नियुक्त किया गया है.

## रायसेन में महिला कैदी की आत्महत्या पर चक्काजाम

**रायसेन.** रायसेन जेल में महिला कैदी की आत्महत्या के बाद शुक्रवार को परिजनों ने विरोध प्रदर्शन किया. उन्होंने पोस्टमार्टम के बाद शव लेने से इनकार कर दिया और जिला अस्पताल के सामने चक्काजाम कर दिया.

## विहिप, बजरंग दल ने किया छोला मंदिर थाने का घेराव

**भोपाल, 1 मई. विश्व हिन्दू परिषद, बजरंगदल ने शुक्रवार को थाना छोला मंदिर का घेराव किया. प्रदर्शन के दौरान विहिप विभाग मंत्री जीवन शर्मा ने कहा कि थाने में बैठे पुलिसकर्मी फरियादियों से ही अभद्रता करेंगे और उनकी फरियाद सुने बिना थाने से बाहर कर देंगे तो फरियादी कहां जाएंगे.**

उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा पीड़ितों की मदद की जगह उन्हें परेशान किया जा रहा है. सह मंत्री हरिओम शर्मा ने पुलिसकर्मियों द्वारा अवैध वसूली, फरियादियों से पैसों की मांग करना, उन्हें धमकाना बंद नही किया तो बजरंगदल उग्र आंदोलन करेगा. प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने पुलिस प्रशासन की सदबुद्धि के लिए श्री हनुमान चालीसा का पाठ भी किया. प्रदर्शन के दौरान मुख्य रूप से दुर्गावाहिनी प्रान्त सह संयोजिका दीपा शर्मा, जीवन शर्मा, हरिओम शर्मा, विजेंद्र परिहार, राजेंद्र नामदेव, रवि कुशवाह, बजरंगदल ज़िला संयोजक अभिषेक शर्मा, ज़िला सह संयोजक-चंचल डोंगरे, राकेश रायकवार उपस्थित थे.




## आवासीय भवनों में चल रहीं हैं दुकानें

**बैरसिया, 1 मई.** बैरसिया नगर पालिका परिषद क्षेत्र अंतर्गत नगर के कई वार्ड, मोहल्लों में आवासीय भवनों में सालों से अवैध रूप से व्यवसायिक गतिविधियां जारी हैं. कोई कार्यवाही नहीं किए जाने नगर पालिका को संपत्ति कर में बड़ा नुकसान हो रहा है. बाजार से सटी कॉलोनियों की मुख्य सड़क पर बने आवासीय भवनों में व्यवसाय किया जा रहा है. देवल खेडा रोड, शांति कुंज कॉलोनी, जैन कॉलोनी, नीलकंठ कॉलोनी में आवासीय मकानों में दुकानें, शोरूम चल रहे हैं. इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी का कहना है कि ऐसे लोगों को चिंहित कर कार्रवाई की जाएगी.

## किसानों को समय पर मिले खाद : यादव

▸ अपेक्स बैंक के नवनियुक्त प्रशासक ने ली बैठक

**भोपाल, 1 मई. अपेक्स बैंक के नवनियुक्त प्रशासक महेंद्र सिंह यादव ने सुभाष यादव समन्वय भवन के सभागार में प्रदेश के 38 जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों की बैठक ली. बैठक में जिला बैंक व प्राथमिक सहकारी समितियां को सुदृढ़ करने और प्रदेश के सहकारी आंदोलन को मजबूत करने पर चर्चा की गई.**



उन्होंने कहा कि किसान अन्नदाता है अत: सभी मुख्य कार्यपालक अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि किसानों को समिति में सम्मान और उन्हें समय पर ऋण व खाद मिले. किसानों को समय पर समितियां से मिल सके, इसके लिए खाद का भंडारण सुनिश्चित करें. उन्होंने कहा कि 16 बैंक अभी कमजोर वर्ग की श्रेणी में हैं, विशेष कर ग्वालियर, रीवा व सागर संभाग के, इसलिए यहां के सीईओ को ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है. जब तक पैक्स मजबूत नहीं होगी, तब तक सहकारी आंदोलन सुदृढ़ नहीं हो सकेगा. बैठक में अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक मनोज गुप्ता ने प्रदेश के सभी 38 जिला बैंकों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अपने अधीनस्थ समिति प्रबंधकों को यह हिदायत दे कि कम से कम पांच समितियां का वे प्रतिदिन निरीक्षण करें.

## नीट यूजी परीक्षा के संबंध में जारी किए दिशा निर्देश

**भोपाल.** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा दिनांक रविवार 3 मई को नीट (यूजी) 2026 परीक्षा भोपाल शहर में 33 केंद्रों पर दोपहर 2:00 से 5:00 बजे तक आयोजित की जा रही है. सभी केंद्रो पर परीक्षार्थियों हेतु समुचित व्यवस्थाएं की जा चुकी हैं. प्रतिभागियों को प्रात: 11:00 से दोपहर 1:30 बजे तक केद्र पर प्रवेश दिया जाएगा, दोपहर 1:30 के पश्चात किसी भी प्रतिभागी को किसी भी स्थिति में प्रवेश नहीं दिया जाएगा. प्रतिभागी अपने प्रवेश पत्र पर दिए गए निर्देशों का भलि-भांति अध्ययन कर लें, असुविधा से बचने हेतु प्रतिभागी एक दिवस पूर्व अपने केंद्र का भ्रमण कर लें ताकि परीक्षा वाले दिन समय पर पहुंच सकें. परीक्षा केंद्र पर प्रतिभागी अंतिम समय 1:30 का इंतजार ना करें एवं परीक्षा केंद्र पर किसी भी प्रकार की अवांछित सामग्री (प्रवेश -पत्र पर सूची दी गई है) अपने साथ न लेकर जाएं. हल्के कपड़े तथा हल्के जूते (सैंडिल) पहनें. सभी परीक्षार्थियों को लिखने हेतु काला बॉल पेन केंद्र पर ही प्रदान किया जाएगा.

## अनुजा मजूमदार को 'समर कूल लेडी' का खिताब

▸ बीएचईएल लेडीज क्लब का समर कूल थीम कार्यक्रम

बीएचईएल संवाददाता

**भोपाल, 1 मई. बीएचईएल लेडीज क्लब द्वारा 'समर कूल' थीम पर आधारित एक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सदस्यों ने रचनात्मकता, आपसी मेलजोल और उत्सव का आनंद लिया.**

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि क्लब की अध्यक्ष रोजी उपाध्याय रहीं, जबकि कस्तूरबा हॉस्पिटल की सीएमओ डॉ. पामेला सचदेव एवं स्वीटी मीणा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं. कार्यक्रम की शुरुआत सांस्कृतिक उपाध्यक्ष योगिता बघेल के स्वागत भाषण से हुई. आयोजन में फायरलेस कुकिंग, प्रोटीन-युक्त सैंडविच और मॉकटेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया. साथ ही टाइटल ट्रैक गीत प्रतियोगिता में भी प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया. कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'सरप्राइज समर कूल पर्सनैलिटी ऑफ द डे' के तहत आयोजित रैंप वॉक रहा, जिसमें अनुजा मजूमदार को 'समर कूल लेडी' का खिताब मिला. फायरलेस कुकिंग प्रतियोगिता में मंजू शौरी, दीपाली गोस्वामी और शीतल जुनेजा प्रथम, जबकि निबाह कुमार और लिखेश्वरी द्वितीय स्थान पर रहीं.



## राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप का शुभारंभ आज

▸ ओलंपियन एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भाग लेंगे

▸ मप्र अकादमी के 40 खिलाड़ी होंगे शामिल

**भोपाल, 1 मई.** म.प्र. राज्य शूटिंग अकादमी '24वीं कुमार सुरेन्द्र सिंह मेमोरियल शूटिंग चैंपियनशिप (राइफल) का आयोजन 2 से 15 मई तक किया जा रहा है. यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ के तत्वावधान में आयोजित हो रही है.

इस प्रतियोगिता में देशभर के लगभग 3000 बालक-बालिकाएं, महिला एवं पुरुष खिलाड़ी 10 मीटर एयर राइफल एवं 50 मीटर राइफल स्पर्धाओं के यूथ, जूनियर एवं सीनियर वर्गों में भाग ले रहे हैं. उद्घाटन समारोह में सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग मौजूद रहेंगे.

प्रतियोगिता में देश के ख्यातिप्राप्त ओलंपियन एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी स्वप्निल कुशाले, ऐश्वर्य प्रताप सिंह, अंजुम मुद्गिल, स्मृति कौर, इला वेनिल सहित कई प्रतिष्ठित निशानेबाज अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे, जिससे प्रतियोगिता का स्तर और अधिक प्रतिस्पर्धात्मक एवं आकर्षक बनेगा

मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी के लगभग 40 खिलाड़ी भी इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं. इनमें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता ऐश्वर्य प्रताप सिंह विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे, जिन्होंने हाल ही में विश्व स्तरीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अर्जित किया है.

## सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू याचिका की सुनवाई 13 को होगी

**भोपाल.** शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) से जुड़े प्रकरण में दायर रिव्यू याचिका पर उच्चतम न्यायालय ने सुनवाई नियत की है. सुप्रीम कोर्ट ने प्रकरण से संबंधित आवेदनों को स्वीकार करते हुए मामले को ओपन कोर्ट में सुनवाई हेतु सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है. कोर्ट के आदेशानुसार प्रकरण की सुनवाई 13 मई को दोपहर 2 बजे नियत की गई है. यह सुनवाई सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की अनुमति के अधीन होगी. यह निर्णय शिक्षकों के पक्ष को विस्तार से रखने का अवसर प्रदान करेगा.

## महिला तस्कर की जमानत याचिका निरस्त

▸ बाघ एवं पेंगोलिन के अवैध शिकार का मामला

▸ 2 दिसंबर 2025 को किया था गिरफ्तार

**भोपाल, 1 मई.** नर्मदापुर में बाघ एवं पेंगोलिन के अवैध शिकार और बाघ की हड्डियों व पोंगोलिन के स्केल की नेपाल के रास्ते चीन में अवैध तस्करीऔर बाघ की हड्डियों व पोंगोलिन के स्केल की नेपाल के रास्ते चीन में अवैध तस्करी की महिला आरोपी यांगचेन की जमानत याचिका हाईकार्ट ने निरस्त कर दी है.

स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स मध्यप्रदेश एवं वन्य-जीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो नई दिल्ली ने 10 साल से वांछित, अंतर्राष्ट्रीय बाघ तस्कर यांगचेन लाचुंगपा को 2 दिसंबर, 2025 को भारत-चीन की अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास लाचुंग, मंगन जिला उत्तर सिक्किम से गिरफ्तार किया था. प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य-जीव ने बताया कि प्रकरण में शामिल आरोपी यांगचेन द्वारा उच्च न्यायालय जबलपुर में पहली बार जमानत याचिका वर्ष 2026 में दायर की, जिसे उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश द्वारा स्टेट टाइगर फोर्स भोपाल द्वारा की गई सटीक विवेचना एवं अभियोजन पक्ष द्वारा दी गई दलीलों एवं आरोपी की जमानत निरस्त कर दी गई है. प्रकरण में विवेचना जारी है. आरोपी यांगचेन के विरुद्ध जुलाई-2015 में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम में बाघ एवं पेंगोलिन के अवैध शिकार और बाघ की हड्डियों व पोंगोलिन के स्केल की नेपाल के रास्ते चीन में अवैध तस्करी करने वाले गिरोह के विरुद्ध 13 जुलाई, 2015 को प्रकरण दर्ज किया गया था. इसमें आरोपी यांगचेन लाचुंगपा वांछित थी.

## सांची में जल प्रदाय परियोजना का निरीक्षण

**सलामतपुर 1 मई.** नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी के अतिरिक्त प्रबंध संचालक दिव्यांक सिंह द्वारा एशियन डेवलपमेंट बैंक सहायता प्राप्त रायसेन जिले की सांची जल प्रदाय परियोजना एवं सीवरेज परियोजना के कार्यों का स्थल निरीक्षण किया गया.

निरीक्षण के दौरान सिंह ने जल प्रदाय परियोजना की डिज़ाइन का विस्तारपूर्वक अवलोकन करते हुए इसके विभिन्न घटकों का सूक्ष्म परीक्षण किया.

आयोजन | जीनगर समाज के महाकुंभ में विकास पर हुई चर्चा

## शहीद बीरबल छात्रावास के लिए किया सहयोग

**भोपाल, 1 मई. भोपाल जीनगर समाज के महाकुंभ के दौरान श्रीनगर समाज के समग्र विकास पर चर्चा हुई इस अवसर पर कोटा में निर्माणाधीन शहीद बीरबल ढालिया छात्रावास में विद्यार्थी विभिन्न कोचिंग संस्थानों के माध्यम से शिक्षा ग्रहण करेंगे.**

श्रीनगर ज्योति मंच के राष्ट्रीय संयोजक भगवान दास ढालिया के अनुरोध पर हरगोविंद सोनगरा ने अपने माता-पिता स्व. रत्ना देवी, स्व. शांतिलाल सोनगरा की स्मृति में निर्माण के लिए दो लाख ग्यारह हजार रुपये निर्माण समिति के अध्यक्ष भंवरलाल खींची को अनुज अशोक सोनगरा के साथ जीनगर समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष लोकेश परमार, गजेंद्र पवार, जिला अध्यक्ष अजय पवार, डॉ एम सी सोनगरा, संजय सिसोदिया, डॉ किशन लाल जीनगर, ओम प्रकाश बोराना, एवं शहीद बीरबल ढालिया जन कल्याण परिषद के अध्यक्ष अशोक सांकले आदि की उपस्थित में भेंट किए. इस अवसर पर ओम प्रकाश डाबी, नेमीचंद सांखला, पृथ्वी राज चौहान, राजेश आसेरी अनिल सांखला, हरि ओम आसेरी, प्रेम पवार, देवेंद्र चौहान आदि उपस्थित थे.

संजय डाबी, मुकेश पवार, राजकुमार सांखला, आनन्द पवार आदि उपस्थित रहे



## 200 सिंचाई पाइप जलकर खाक

**सलामतपुर, 1 मई.** सलामतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बनखेड़ी में गुरुवार रात नरवाई में लगी आग ने विकराल रूप धारण कर लिया. आग धीरे-धीरे खेत में बने एक मकान तक पहुंच गई, जिससे वहां रखा कृषि उपयोग का सामान जलकर खाक हो गया. जानकारी के मुताबिक अंबाड़ी निवासी किसान अजीज मंसूरी की कृषि भूमि बनखेड़ी में है. आग की चपेट में आने से खेत में रखे करीब 200 सिंचाई पाइप, स्टार डोरी और अन्य कृषि सामग्री पूरी तरह जल गई. वहीं खेत में लगे दो आम के पेड़ भी झुलस गए. इस हादसे में किसान को करीब 2 लाख रुपये का नुकसान बताया जा रहा है.

## मंत्री ने नगर निगम अफसरों को फटकारा

### तोमर ने आपका सेवक आपके द्वार अभियान में किया जनता से संवाद

**भोपाल, 1 मई. ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने शुक्रवार को ग्वालियर में पीजीव्ही कॉलेज जीवाजी गंज से 'आपका सेवक आपके द्वार' अभियान का शुभारंभ किया. उन्होंने लोगों से घर-घर जाकर सीधा संवाद किया और उनकी तकलीफों का स्थल पर ही समाधान किया.**

इस दौरान जगह-जगह सफाई व्यवस्था की बदहाली देख ऊर्जा मंत्री तोमर ने नगर निगम के संबंधित क्षेत्रीय अधिकारी को फटकार लगाते हुए तुरंत सफाई व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए.

तोमर ने कहा कि स्वच्छता स्वस्थ जीवन का पहला कदम है. अपने घर-प्रतिष्ठान के आस-पास के क्षेत्र को साफ रखें, ग्वालियर को हरा-भरा बनाएं. स्वच्छ हाथ, स्वस्थ शरीर के संदेश को जन-जन तक पहुंचाएं. तोमर ने कहा कि धूल-मिट्टी को साफ करने के लिए हमें स्वयं झाड़ू उठाकर स्वच्छता अभियान को पूरे ग्वालियर के लिए एक जन-आंदोलन का रूप देना होगा. उन्होंने कहा कि लोगों को न तो स्वयं गंदगी फैलानी चाहिए और न ही किसी और को फैलाने देना चाहिए. उन्होंने नारा दिया कि 'न गंदगी करेंगे, न करने देंगे1' ऊर्जा मंत्री ने लोगों को स्वच्छता अभियान में शामिल होने के लिए भी आमंत्रित किया.

